## एक नजर में

### राष्ट्रपति से सम्मानित होंगे कमल गौड़

**महेश्वर।** महेश्वरी साड़ी की गौरवशाली परंपरा को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च सम्मान मिलने जा रहा है। महेश्वर निवासी व हाथ करघा बुनकर कमल गौड़ का वर्ष -2025 भारत सरकार के राष्ट्रीय हाथकरघा पुरस्कार के लिए किया गया है। कमल गौड़ को यह प्रतिष्ठित सम्मान साड़ी के निर्माण में उत्कृष्ट शिल्प कौशल, पारंपरिक बुनाई कला के संरक्षण, नवाचार तथा हाथकरघा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। इस उपलब्धि से महेश्वर सहित पूरे निमाड़ अंचल में हर्ष और गौरव का वातावरण है। इस अवसर पर कमल गौड ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत विकास आयुक्त (हथकरघा), नई दिल्ली द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर 7 अगस्त 2026 को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी), नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में संत कबीर हाथ करघा पुरस्कार राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किए जाएगा।

कमल गौड़ ने बताया कि वर्षों की साधना, परिश्रम और सृजनशीलता के साथ इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महेश्वरी साड़ी की गुणवत्ता और प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया । कमल गौड को साड़ी बनाने का हुनर अपने परिवार के वरिष्ठ सदस्यो के माध्यम से मिला है इस उपलब्धि पर कमल गौड ने मां नर्मदा, भगवान राजराजेश्वर तथा साड़ी का काम सीखने वाले वरिष्ठ बुनकरों एवं मार्गदर्शकों को दिया है ।

### नशा मुक्ति भारत अभियान कार्यक्रम

**कसरावद।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट एकेडमी द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नव निर्वाचित कसरावद थाना प्रभारी इंद्रेश कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश पाटीदार द्वारा मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करके किया गया। इस दौरान आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ नशा मुक्ति विषय पर आधारित आकर्षक पोस्टर और प्रेरणादायक स्लोगन तैयार किए। इसके साथ ही छात्रों के विचारों को अभिव्यक्ति देने के लिए एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजित की गई। आयोजित प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने वाले सभी विद्यार्थियों को अतिथि महोदय के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्त रहने के लिए विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि जीवन में अपने तय किए गए लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम एवं निरंतर प्रयासरत होना चाहिए।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक नारायण पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के हेड बॉय अर्पण पाटीदार ने उपस्थित अतिथि का आभार व्यक्त किया।?इस प्रकार प्रेरणादायक संदेशों और रचनात्मक गतिविधियों के साथ यह नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### खरगोन में वैश्य महासम्मेलन की संभागीय बैठक

**खरगोन।** मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन की संभागीय बैठक रविवार को खरगोन स्थित प्रहलाद अभिकरण के टीवीएस शोरूम में आयोजित हुई। बैठक में आगामी संभागीय सम्मेलन के आयोजन, उसकी रूपरेखा एवं संगठन विस्तार सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के महामंत्री रमेश गुप्ता तथा संभाग अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल ने संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी संभागीय सम्मेलन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए सभी जिलों के पदाधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में खरगोन जिला अध्यक्ष डॉ. शरद दिंडोरकर सहित खंडवा, बुरहानपुर एवं बड़वानी जिले के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं तहसील अध्यक्ष मौजूद रहे। इस दौरान जिला प्रभारी सच्चिदानंद स्वरूप गुप्ता, सचिव गिरिराज महाजन, गजानंद गोयल, बद्रीनारायण सोनी, महेश सोनी, रमेश सोनी, हेमंत गुप्ता, दिलीप सोनी, डॉ. बसंत सोनी, डॉ. कीर्ति जैन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि बैठक में आगामी संभागीय सम्मेलन को समाज की एकता, संगठन की मजबूती एवं युवा सहभागिता का प्रभावी मंच बनाने पर सहमति बनी। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों के गठन, जिम्मेदारियों के निर्धारण तथा सभी जिलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का समापन समाजहित, संगठन विस्तार एवं आगामी संभागीय सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

### बच्चों को बाटी शिक्षण सामग्री एवं स्कूल बैग

**कसरावद।** नगर के जैन दिवाकर विचार मंच महिला शाखा द्वारा नगर के शा प्रा वि बड़गांव वटा एवं सैटलाइट शाला में बच्चों को शिक्षण सामग्री एवं स्कूल बैग वितरित किए।बुधवार को ग्राम बड़गांव वटा स्थिति प्राथमिक विद्यालय में आयोजित शिक्षण सामग्री वितरण कार्यकम में मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष नमिता लुनिया ने कहा कि पूज्य गुरुदेव राष्ट्रसंत कमल मुनि जी कमलेश मा. सा . की सद्प्रेरणा से मंच द्वारा जीव दया एवं मानवसेवा के कार्य किए जाते है। इसी तारतम्य में आज प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण की जा रही हैं। इसके साथ ही वटे पर ही स्थित सेटेलाइट शाला में बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए।

लुनिया ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य समाज के कमजोर एवं पिछड़े तबके के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना है ताकि वे आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित ना हो। उन्होंने बच्चों से सत्य की राह पर चलकर जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल करने की बात कही। कार्यकम में मंजुला कवाड़, दीपा जैन एवं उर्मिला लूनिया ने भी विचार व्यक्त किय। आभार मंच की वरिष्ठ पुष्पा लूनिया ने आभार माना। उद्बोधन पश्चात प्राथमिक विद्यालय के 45 बच्चों को शिक्षण सामग्री की किट बाटी। इसके पश्चात सेटेलाइट शाला में जाकर बच्चों को नवीन स्कूल बैग वितरित किए। इस अवसर पर विनिता जैन, प्रतिभा मांडोत, त्रिशला जैन, शशि रायली, सारिका जैन, पदमा जैन, विद्या जैन, , विद्यालय के शिक्षक श्याम चौहान, जयंती यादव, राजू सोलंकी, दिनेश पाटीदार गजानंद भालसे एवं सचिन जैन आदि उपस्थित थे।

## पेपर लीक मामले में छात्रों पर लाठीचार्ज, कांग्रेसियों ने दिया धरना

**राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

**खरगोन।** पेपर लीक मामले में दिल्ली में आंदोलन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। श्रीकृष्ण टॉकिज तिराहे पर जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई पदाधिकारियों ने शामिल होकर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए युवाओं के भविष्य के लिये सरकार को खतरा बताया। उन्होंने एक स्वर में सरकार उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। ज्ञापन में केंद्र सरकार को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की गई है। एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंपे ज्ञापन में जिलाध्यक्ष रवि नाईक ने कहा कि पिछले कई दिनों से दिल्ली के जंतर मंतर पर शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे छात्रों पर केंद्र सरकार ने लाठीचार्ज किया, जिससे अनेक छात्र बुरी तरह घायल हो गए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार ने दिल्ली की सड़कों पर लोकतंत्र की हत्या कर दी है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि छात्रों के समर्थन में धरने पर बैठे विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ भी अभद्रता की गई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि ये दोनों घटनाएं साबित करती हैं कि केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह निरंकुश और तानाशाही हो चुकी है, धरने में जिला सचिव राजेंद्र पंवार ने कहा एक तरफ हम स्वयं को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहते हैं, दूसरी तरफ शांतिपूर्वक संघर्ष कर रहे निहत्थे छात्रों और उनके समर्थन में आए विपक्ष के नेताओं पर लाठीचार्ज करते हैं। उनके साथ अभद्रता करते हैं और उन्हें गिरफ्तार करते हैं। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजत डंडीर, शाहरुख मिर्जा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निलेश सागोरे ने केंद्र सरकार के इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए मांग की कि ऐसी अलोकतांत्रिक, जन विरोधी, युवा विरोधी और छात्र विरोधी सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। धरने का संचालन प्रवक्ता राजेश मंडलोई ने किया।

कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी अपने इस आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाती रहेगी।

## शिवचैतन्य की मौन साधना का समापन आज

**खरगोन।** धर्मजयगढ़ आध्यात्मिक जगत में शांति और आत्मचिंतन का संदेश देने वाली मौन साधना का समापन इस गुरुवार को होने जा रहा है। परम पूज्य सद्गुरुदेव प्रभुजी श्री शिवचैतन्य जी की मौन साधना का समापन 23 जुलाई, गुरुवार को किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस पावन अवसर पर सायं 4 बजे भजन-कीर्तन के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। सभी साधकों और भक्तों से निवेदन किया गया है कि वे इस शुभ अवसर पर पधारकर सद्गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करें। आयोजन से जुड़े लोगों ने बताया कि मौन साधना का अर्थ केवल बोलना बंद करना नहीं है। सच्चा मौन वह अवस्था है जहाँ मन के विचार, इच्छाएँ और अहंकार शांत हो जाते हैं। जब मन पूर्णत: शांत होता है तब साधक अपने वास्तविक स्वरूप का अनुभव करता है और परम चेतना के साक्षात्कार की दिशा में आगे बढ़ता है। वेदांत के अनुसार परम सत्य शब्दों से नहीं बल्कि मौन में जाना जाता है। इसी मौन में शांति, आनंद, प्रेम और आत्मज्ञान प्रकट होते हैं और साधक परम चेतना का अनुभव करने लगता है।

## तिरंगा अंगीकार दिवस मनाया

**मंडलेश्वर।** भारत के राष्ट्रीय ध्वज को संविधान सभा द्वारा 22 जुलाई 1947 को आधिकारिक रूप से स्वीकार करने की स्मृति मे 22 जुलाई को तिरंगा अंगीकार दिवस मनाया जाता है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर मे तिरंगा अंगीकार दिवस मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य अरुणा सोलंकी ने राष्ट्रध्वज फहराया। स्कूली छात्राओं द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत गाया गया। प्राचार्य अरुणा सोलंकी शबनम खान प्रकाश भंडोले दीपक चौबे सीमा भटोरे ज्योत्सना शर्मा हीरालाल डावर संजय राज अतुल शर्मा संजय पाटीदार कविता भालसे किरण दवाड़े ने तिरंगे का महत्व बताते हुए कहा कि भारतीय ध्वज को पिंगली वेंकैया द्वारा डिजाइन किया गया था इस ध्वज मे चरखे के स्थान पर अशोक चक्र को शामिल कर संविधान सभा ने इसे स्वीकार किया था।

## आयुष गुप्ता निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**बिस्टान ।** दशोरा नागर महाजन समाज मंडल बिस्टान के अध्यक्ष पद पर आयुष गुप्ता को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। चुनाव अधिकारी शिक्षक विजय गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन की प्रक्रिया की गई अध्यक्ष पद के लिए एक ही नाम आने पर अध्यक्ष की घोषणा की गई । चुनाव प्रकिया के दौरान निर्वतमान अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित समाज के नारायण मामा , रामेश्वर गुप्ता , राजेंद्र गुप्ता , नीरज गुप्ता , जितेन्द्र गुप्ता , अजय गुप्ता प्रितेश गुप्ता लक्की गुप्ता धर्मेंद्र गुप्ता भोला महाजन पीयूष गुप्ता आदि की मौजूदगी में समाज के तीन दानदाताओं ने अंतिम यात्रा में लगने वाली स्टील की तीर्थ सीढ़ी एवं कपाल भाती क्रिया के लिए स्टील छड़ी लोटा समाज को दान किया । नवनिर्वाचित अध्यक्ष आयुष गुप्ता ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी जल्द घोषित की जाएगी ।

## नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया

**खरगोन।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया।

कार्यक्रम में समाज के पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। शाखा अध्यक्ष किरण अग्रवाल ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण प्रत्येक परिवार की जागरूकता और सहभागिता से ही संभव है। पलक जैन ने नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक हानियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से पुरुषों से किसी भी प्रकार का नशा न करने का आग्रह किया। उपस्थितजनों को नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया।

महिलाओं एवं बच्चों को भी प्रेरित किया गया कि वे अपने परिवार को नशे से दूर रखने में जागरूक एवं सक्रिय भूमिका निभाएं। शाखा सचिव रिंपल गोयल ने आभार माना।

### अवैध विदेशी मदिरा बरामद

**बड़वाह ।** कलेक्टर के आदेश पर सहायक आयुक्त आबकारी बृजेंद्र कोरी के निर्देशानुसार तथा प्रभारी अधिकारी नियंत्रण कक्ष सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में वृत्त बड़वाह के आबकारी दल द्वारा दिनांक 22 जुलाई को दौराने गश्त भारी मात्रा में अवैध मदिरा संग्रहण संबंधी मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम रूपाबेड़ी स्थित मुखबिर द्वारा सूचित खेत-खलिहान व कमरे की विधिवत तलाशी लेने पर कुल 63 बल्क लीटर अवैध विदेशी मदिरा बरामद की गई। प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनीष राठौर के नेतृत्व में वृत्त प्रभारी शिवम चौरसिया ,आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत खेत मालिक के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## जब्त मोटर साइकिलों की नीलामी की



**बिस्टान।** थाना परिसर मे विभिन्न अपराधों मे जब्त बाइक मोटर सायकिलो की नीलामी बुधवार को बोली लगाकर की गईं । इस बोली मे वही खरीददार थे जिसने विधिवत रूप से एक हजार का टोकन पुलिस कार्यलय से लिया गया था । कुल 10 मोटर सायकिलो को नीलाम के लिए रखा गया गया था । इसमें 7 ही गाड़ी की नीलामी की गईं । शेष 3बाइको के चेसिस नम्बर मिलान नहीं होने पर आगामी आदेश प्राप्त होने पर नीलाम की जाएगी । इस नीलामी प्रकिया मे तहसीलदार जगार सिंह रावत ने थाना प्रभारी गुलाब सिंह रावत के दिशा निर्देशन मे पूरी कार्यवाही की गईं । नीलामी की सुचना थाने द्वारा सोसल मिडिया समाचार पत्रों द्वारा दी गईं थी । इस नीलामी मे भिकनगाँव, खरगोन, बमनाला, गोगावा, के दूर दराज के खरीददार बाइक की बोली लगाने आये थे । कुल 24 लोगो ने भाग लिया कुल साथ बाइको की नीलामी मे 89500रु का राजस्व आया नीलामी का कार्य विनायक रजावत द्वारा किया गया ।

## पुलिस ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर जागरुक किया

**नशामुक्ति की शपथ दिलाई**

**बड़वाह ।** नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत थाना बडवाह पुलिस द्वारा जनप्रतिनिधियों, खिलाडियो, कलाकारो, वरिष्ठ नागरिकों के विडियो संदेश सोशल मीडिया पर शेयर कर नशामुक्ति के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। थाना बडवाह पुलिस द्वारा द पेलाडियन हाऊस स्कूल, बडवाह में विद्यार्थीयो को पेम्पलेट वितरित कर व नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प कराया गया। स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया गया। एसडीओपी अर्चना रावत ने राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 के अंतर्गत द पेलाडियन हाऊस स्कूल, बडवाह में विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के अंतर्गत द पेलाडियन हाऊस स्कूल, बडवाह के विद्यार्थीयो को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई एंव कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी राजेन्द्र बर्मन ने विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को भी नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

## मछली बाजार में 36 .88 लाख रुपये की लागत से बनेगा डोम

**खरगोन ।** नगरपालिका परिषद खरगोन द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के क्रम में वार्ड क्रमांक 17 स्थित मछली बाजार में 36.88 लाख रुपये की लागत से डोम (शेड एवं प्लेटफॉर्म) निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगरपालिका अध्यक्ष छाया अरुण जोशी ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती जोशी ने विधिवत पूजन-अर्चन कर गैती चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए नगरपालिका परिषद निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनका कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। इस अवसर पर लोक निर्माण सभापति धीरेंद्रसिंह चौहान, पार्षद संतोष वर्मा, जगन्नाथ सांवले, महेश वर्मा, एल्डरमेन अनिल गुप्ता, पुरुषोत्तम कुमावत, दीपक कराले, पार्षद प्रतिनिधि अरविंद पाटीदार एवं सुमित चंदेल, मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमला कोल, स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते, नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## अष्टानिका पर्व पर नंदीश्वर दीप मंडल विधान रचा गया

- भक्ति और विनय के साथ 52 जिनालयों में अर्पित
- किए 52 अर्ध्य

**सनावद।** धर्म नगरी सनावद में अष्टानिका पर्व के द्वितीय दिवस आषाढ़ सुदी नवमी के अवसर पर श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर में नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान बड़े ही भक्ति भाव से रचाया गया। सन्मति जैन काका ने बताया कि प्रात:काल की बेला में श्रीजी का पंचामृत अभिषेक पूजन किया गया। दोपहर में कुसुम कुमार हेमंत कुमार सन्मति जैन काका परिवार एवं सुधीर कुमार प्रशांत कुमार पुलकित जैन चौधरी परिवार, सनावद पुण्यार्जक परिवारों द्वारा विधान का आयोजन किया गया। विधान में 52 जिनालयों में 52 अर्ध्य अत्यंत विनयपूर्वक समर्पित किए गए। आर्यिका ज्ञान मति माता जी द्वारा रचित विधान की महिमा बताते हुए पंडित रिंकेश जैन,प्रशांत चौधरी ने कहा कि नंदीश्वर द्वीप में 52 जिनालय/चैत्यालय हैं, जिनमें से प्रत्येक में 108 रत्नमय प्रतिमाएँ विराजमान हैं।

इस विधान को करने से भक्तों को आध्यात्मिक लाभ मिलता है और जीवन में शांति व समृद्धि प्राप्त होती है। मान्यता है कि नंदीश्वर दीप में देवता भी पूजा-अर्चना के लिए जाते हैं। जो भक्त शुद्ध भावों से यह विधान करते हैं, वे देवगति को प्राप्त करते हैं।

शाम की मंगल बेला में श्रीजी की संगीतमय आरती, भक्ति और शास्त्र प्रवचन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डिसेंटबला जैन, बाला पंचोलिया, महिमा जैन,अंजू पाटनी, मंजुला भूच,, राजकुमारी बाई जैन, खुसकुवर बाई जैन, सावित्री जटाले, अंकिता जैन, रूपल चौधरी, प्रतिभा जैन, कुसुम बाई जैन,विनय पंचोलिया, सुदेश जटाले, कमल केके, प्रदीप पंचोलिया, कांति लाल जैन,अक्षय सराफ, लोकेंद्र जैन, रजत जैन, मुकेश जैन, मौसम जैन ,अभिजीत जैन, गौतम जैन राहुल स्वास्तिक , अरविन्द जैन, अशोक पंचोलिया, सुनील मास्टर साहब,बहु मंडल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

**एक नजर में** | जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे ने कहा युवा मोर्चा संगठन की ताकत

## नवनियुक्ति भाजयुमो जिलाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत




**खरगोन।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद पर अंकुश जायसवाल के नियुक्ति घोषणा की गई है। अध्यक्ष नियुक्ति के बाद बुधवार को जायसवाल का प्रथम नगर आगमन हुआ। जायसवाल के शहर पहुंचने पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को रैली के रूप में भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। इस दौरान रास्तेभर स्वागत सत्कार हुआ। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। पुष्पवर्षा कर उन्हें फूल-मालाओं से लादा गया। कार्यकर्ताओ ने संकल्प लिया कि जायसवाल के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती के साथ आगे बढ़ाएंगे।

भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे और जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने भाजपा का दुपट्टा पहनाने के बाद पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। कार्यालय पर आयोजित स्वागत सम्मान में जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे ने कहा, भाजपा महिला मोर्चा और भाजपा युवा मोर्चा, भाजपा संगठन की ताकत है। इस मोर्चे में नियुक्ति को लेकर युवाओं में उत्सुकता थी। अंकुश के नाम की घोषणा के बाद इंतजार खत्म हुआ।

संगठन ने अंकुश जैसे ऊर्जावान कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष पद की जो जिम्मेदारी दी है, निश्चित ही वह संगठन को और मजबूत करने में सहायक साबित होगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जायसवाल ने प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला संगठन का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहाए प्रधानमंत्री मोदी के 2047 में विकसित भारत का जो सपना हैए वह पूरा करने में युवाओं की महती भूमिका होगी।

पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वर्तमान मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा ने भी श्री जायसवाल को नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जायसवाल का भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री राजीव पटेल, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीला पटेल, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नारायण पाटीदार, वरिष्ठ नेता बंटी तंवर, भाजपा जिला महामंत्री विवेक भटोरे, जिला महामंत्री हरेसिंह चावड़ा, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल आदि ने पुष्पमालाओं के साथ ही पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। राष्ट्रीय गीत का गान जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया ने किया। संचालन भीकनगांव मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तंवर ने किया। आभार राकेश वर्मा ने माना।